# गूगल क्लाउड देगा किसानों को कृषि उत्पादों की बिक्री का मंच

- कृषकों को जलवायु परिवर्तन की सटीक जानकारी भी मिलेगी
- सरकार और गूगल क्लाउड भारत के बीच हुआ एमओयू

**राब्यू, जागरण● लखनऊ :** किसानों को कृषि उत्पादों की बिक्री का मंच प्रदान करने व जलवायु परिवर्तन की सटीक जानकारी देने के लिए प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड के बीच करार किया गया है। गूगल क्लाउड जेमिनी-संचालित बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फार एग्रीकल्चर लांच करेगा। जेमिनी व बेकन एआइ टूल हैं, जिनकी मदद से किसानों को उनके क्षेत्र में होने वाले जलवायु परिवर्तन की जानकारी व कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए एक मंच भी मिलेगा। इसके अलावा गूगल क्लाउड की तरफ से किसानों को बाजार में फसलों की कीमतों की जानकारी देने के साथ कृषि संबंधी सलाह भी दी जाएगी।

इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और गूगल क्लाउड भारत के उपाध्यक्ष अनिल भंसाली ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। मुख्य सचिव ने कहा कि यह समझौता प्रदेश के सुशासन और डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे किसानों को माइक्रो क्लाइमेट (सूक्ष्म जलवायु) और कृषि उत्पादों को लेकर बाजार मूल्य की सटीक जानकारी प्राप्त होगी। हर तहसील में मौसम केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है। कृषि के लिए ओपेन नेटवर्क किसानों की आय दोगुणी करने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही 21वीं सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था में किसानों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की भी जानकारी मिलेगी। गूगल क्लाउड के उपाध्यक्ष अनिल भंसाली ने कहा कि किसानों की मदद व कृषि को बढ़ावा देने के लिए बेकन ओपेन नेटवर्क को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआइ) के रूप में डिजाइन किया गया है। उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने यह करार किया है। इससे नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में गूगल क्लाउड इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री प्रबंध निदेशक बिक्रम सिंह बेदी, एफआइडीई (फाउंडेशन फार इंटरआपरेबिलिटी इन डिजिटल इकोनामी) के सीईओ और सह-संस्थापक सुजीत नायर व प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



सरकार व गूगल क्लाउड इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन के अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व गूगल क्लाउड इंडिया वाइस प्रेसिडेंट अनिल भंसाली व अन्य ● सूचना विभाग